# श्री हरद्वारी लाल गोयल राजकीय महाविद्यालय, तावडू ,
# नूँह-मेवात
## वार्षिक-प्रतिवेदन-रिपोर्ट 2022-23

प्रस्तुतकर्ता
श्री शिशान सिंह
एक्सटेंसन प्राध्यापक
हिन्दी-विभाग

श्री दिलबाग सिंह
प्राचार्य
एच० ई० एस० - 01
हरद्वारी लाल गोयल
राजकीय महाविद्यालय
तावडू (नूँह)

महोदय जी,

हरियाणा प्रांत के जिला नूहँ (मेवात) व तावडू तहसील के क्षेत्र मे स्थापित शिक्षण संस्थान महाविद्यालय को तावडू मे दानशील समाज सेवी एवं शिक्षा अनुरागी स्वर्गीय श्री हरदवारी लाल गोयल जी ने इस क्षेत्र के शैक्षिक पिछड़ेपन के उन्मूलन तथा उच्चतर शिक्षा के प्रसार एवं विस्तार के स्वप्न को साकार करने की पवित्र भावना से प्रेरित होकर इस संस्था को बनाकर हरियाणा सरकार को 14 जुलाई,1989 को संचालन के लिए सौंप दिया गया। सरसों और गेहूं के लहराते खेतों के बीच यह महाविद्यालय तावडू नगर से लगभग 2 किलोमीटर दूर प्रकृति के आँचल में स्थापित है। इस संस्था को देखते ही प्राचीनकाल के ऋषियों के आश्रमों, तपोवनों, और अध्ययन-स्थलों के मनहोरी कल्पना- चित्र मन में सदेव उभर आते है। यह महाविद्यालय लगभग 13 एकड़ भूमि पर अपना विस्तृत विस्तार पाया हुआ है।, यह भवन 19 अध्यापन कक्षो तथा एक प्रशासनिक भवन से युक्त है। महाविद्यालय में पुस्तकालय, प्रयोगशाला, जलपान गृह, खेल-मैदान, साईकल व स्कूटर स्टैंड आदि सभी सुविधाएँ उपलब्ध है। " श्रीमती पुष्पा देवी गोयल सभागार का निर्माण इस महाविद्याल के संस्थापक श्री हरदवारी लाल गोयल जी के सुपुत्र श्री सुभाष गोयल जी श्री बिन्नी गोयल तथा उनकी पुत्रवधू श्रीमती नीतिका गोयल की सहायता से सम्पन्न हुआ है।

शैक्षिक क्षेत्र

महाविद्यायलय में कला संकाय, वाणिज्य संकाय और विज्ञान संकाय के अन्तर्गत 918 विद्यार्थी अध्ययनरत है, इसमें छात्र-536 तथा छात्राएँ 252 कुल संख्या 788 हैं । महाविद्यालय में हिन्दी विभाग, अंग्रेजी विभाग, इतिहास विभाग, राजनीतिविज्ञान, अर्थशास्त्र विभाग, गणित विभाग, भूगोल विभाग, वाणिज्य संकाय तथा विज्ञान संकाय के विषयों का अध्यापन सक्षम प्राध्यापको द्वारा किया जा रहा है।

## प्राध्यापक मण्डल

महाविद्यालय में इस समय 18 प्राध्यापक कार्यरत हैं। जिनमें से 6 स्थाई, 2 डैपुटेशन प्राध्यापक और 10 एक्सटेंशन प्राध्यापक है। महाविद्यालय की आवश्यकता अनुसार एवँ उच्चत्तर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय में पर्याप्त प्राध्यापको की व्यवस्था की गयी है। महाविद्यालय के कंप्यूटर प्रयोग-शाला में कम्प्यूटर शिक्षिका कार्यरत है, अँग्रेजी प्रयोगशाला में लैब अनुदेशक भी कार्यरत है।

## कार्यालय

महाविद्यालय में श्री सुनील दत्त स्थाई सहायक उप - अधीक्षक के निर्देशन में एक अस्थाई लिपिक एक टंकण अनुदेशक, चार सहायक प्रयोगशाला व 11 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत है।

## महत्वपूर्ण उत्सव- दिवस-2022-23

1. दिनांक 10-07-2022 को महाविद्यालयमें आजादी का अमृत महोत्सव घर -घर तिरंगा लगाने का कार्यक्रम किया गया | इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य श्री दिलबाग सिंह ने की |

2. दिनांक 21-07-2022 को महाविदायलय में योगदिवस मनाया गया | इस योग-दिवस कार्यक्रम में सभी को स्वस्थ रहने के लिए योग की क्रियाओं की जानकारी दी गई |

3. दिनांक 15-08-2022 को महाविद्यालय मे 75 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया महाविद्यालय मे स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण श्री ऋषि कुमार द्वारा किया गया | इस अवसर पर सभी ने अपने देश के शहीद वीरों को नमन किया |

4. दिनांक 10-08-2022 को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महाउत्सव में हर घर तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया | इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं और प्राध्यापकों ने बढ - चढ़कर भाग लिया |

5. दिनांक 14/09/22 को महाविद्यालय में हिन्दी दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रचार्य श्री दिलबाग सिंह ने कीं । इस कार्यक्रम में हिन्दी विभाग द्वार, भाषण, कविता पाठ, नाटक निबंध प्रतियोगियता करवाई गई , जिस मे सभी छात्र व छात्रओं ने भाग लिया ।

6. दिनांक 26-11-2022 को महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया | इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य ने की । इस कार्यक्रम मे डॉ अंबेडकर के जीवन पर विचार रखें गए और संविधान दिवस पर अनेक गतिविधियाँ की गई ।

7. दिनांक 24-01-2023 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता उत्सव मनाया गया । इस कार्यक्रम मे छात्र – छात्राओं को अपने मत के लिए जागरूक किया गया ।

8. दिनांक 26-01-2023 को महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोउलास के साथ मनाया गया । ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्रामपंचायत बावला के सरपंच श्री इकबाल खान रहे । इनके द्वारा गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया ।

9. दिनांक 13-04-2023 को महाविद्यालय में डॉ भीमराव अंबेडकर जन्म उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम मे डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर विचार रखे गए । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य श्री दिलबाग सिंह के द्वारा की गई । इस कार्यक्रम में अनेक प्रकार की गतिविधियाँ कराई गई ।

## हिन्दी- विभाग

दिनांक 14/09/22 महाविद्वालय में हिन्दी -दिवस बड़े ही धूम -धाम से मनाया गया | हिदी दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य श्री दिलबाग सिंह के द्वारा की गई | हिन्दी -दिवस पर अनेक प्रकार गतिविधियाँ की गई | कविता पाठ , भाषण प्रतियोगिता , निबंध प्रतियोगिता , अलंकार प्रतियोगिता, हिन्दी लघु नाटिका आदि प्रतियोगिता कराई गई । जिसमें महाविद्यालय के सभी बच्चों ने बढ़ – चढ़कर भाग लिया ।

## विज्ञान -संकाय

1. दिनांक 15-10-2022 को महाविद्यालय में H. S. CSIT के द्वारा जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें महाविद्यालय के छात्र व छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।
2. दिनांक 15-10-2022 को महाविद्यालय में H. S. CSIT के द्वारा जिला स्तरीय प्रशनोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रथम, द्वितीय , तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया ।

3. महाविद्यालय में विज्ञान - मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया । इस प्रतियोगिता मे छात्र व छात्राओं नें बढ़ - चढ़ कर भाग लिया ।

## पुस्तकालय

किसी भी महाविद्यालय की शैक्षिक सम्पन्नता का सूचक उसका पुस्तकालय हुआ करता है। पुस्तकालय महाविद्यालय का स्थल है | जहाँ ज्ञान पिपासु , ज्ञान प्राप्वि के उच्चतम सोपानों को प्राप्त करता है। महाविद्यालय के पुस्तकालय में 12230 लगभग श्रेष्ठ प्रस्तके विद्यमान है। जिनमें विद्यमान प्राचीन ज्ञान में संरक्षण के साथ-साथ नूतन ज्ञान गंगा भी प्रवाहित होती हैं। महाविद्यालय में श्री विकास कुमार रिस्टोरर तथा श्रीमती रूबी देवी सहायक पुस्तकालय कार्यरत है। दिन-प्रतिदिन की घटनाओं की जानकारी देने के लिये महाविद्यालय के वाचनालय मे अग्रेजी व हिन्दी के 06 समाचार पत्र व पत्रिकाएं नियमित रूप से आती है |1 सामान्य ज्ञान, 2 प्रतियोगिता दर्पण, 3 सक्षम पत्रिका | महाविद्यालय के पुस्तकालय मे ऑनलाइन अध्ययन के लिये ( N.LIST Subscription ) की सूची है। जिसमे विधार्थी अपनी पढ़ाई ऑनलाइन कर सकते हैं। तथा किताबे और जर्नल भी ऑनलाइन पढ़ सकते है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.)

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी के रूप मे डॉ प्रवीण कुमार कार्य कर रहे हैं। इनके निर्देशन में विद्यार्थियों की इकाई संचालित की जा रही है। कन्या भ्रूर्ण हत्या, दहेज प्रथा, पर्यावरण संरक्षण, नारी शिक्षा, और समाज सुधार इत्याद विषयों पर जन जागरण का कार्य किया जाता है।

1 दिनांक 10-08-2022 को महाविद्यालय में आजादी का अमृत महाउत्सव मनाया गया । जिसमे एक तिरंगा रैली यात्रा का आयोजन किया गया । जिसमे महाविद्यालय के छात्र -छात्राओं ने व प्राध्यापकगण नें बढ़ -चढ़कर भाग लिया ।

2. दिनांक 25-08-2022 को महाविद्यालय के अंदर डॉ प्रवीण N.S. S. प्रभारी के निर्देशन में एक - एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया ।

3. दिनांक 01-11-2022 को महाविद्यालय में रेड क्रॉस सोसाईटी की और से ब्लड कैंप का आयोजन किया गया । जिसमें छात्रों ने देश हित में ब्लड दान किया ।

4 . दिनांक 02-01-2023 को राष्ट्रीय सेवक संघ N. S. S. के द्वारा 02-01-2023 से 08-01-2023 तक सात दिवसिय कैंप गाँव बावला में लगाया गया । जिसमें गाँव की साफ - सफाई और स्वास्थ्य के प्रति समाज को जागरूक किया गया ।

5 . दिनांक 26-11-2022 को महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया । जिसमे भारतीय संविधान के ऊपर एक विचार गोष्ठी व भाषण प्रतियोगिता व का आयोजन किया गया । और छात्र – छात्राओं को अपने मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया ।

6 . दिनांक 17/04/22 को एन-एस वालिटियर्स को विभिन्न प्रतियोगिताओं मे भाग लेने वाले वालिटियर्स को प्राचार्य के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खेल- प्रतियोगिता

विद्यार्थियों के संर्वागीण विकास के लिए खेल - कूद प्रतियोगिताओ की नितांत आवश्यकता होती हैं । महाविद्यालय के छात्र व छात्राएँ इन प्रतियोगिता में बढ़ – चढ़ कर भाग लेते हैं । महाविद्यालय में 32 वीं खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 23-02-2022 , 24-02-2022 को किया गया | इस प्रतियोगिता का उद्घाटन श्री जगतपाल सिंह चौहान पूर्व प्राचार्य के द्वारा किया गया | तथा प्रतियोगिता का समापन डॉ अंजली गुलाटी प्राचार्य महिला महाविद्यालय , मानेसर , गुरुग्राम के द्वारा किया गया । पारितोषिक वितरण समारोह श्री दिलबाग सिंह प्राचार्य हरद्वारी लाल गोयल राजकीय महाविद्यालय, तावडू की अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया । खेल – कूद प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र सहित नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया । 32वीं खेल – कूद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया गया । पुरुष में नासिरB.A. प्रथम वर्ष -1221001000202 महिला में नजराना B. A द्वितीय वर्ष - 12100100202 1 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र तथा 1500 रुपऐ नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया । 32 वीं खेल - कूद प्रतियोगिता का आयोजन डॉ सतीश खेल प्रभारी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ और 32 वीं खेल - कूद प्रतियोगिता का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया ।

## महिला प्रकोष्ठ

महाविद्यालय का महिला प्रकोष्ठ श्रीमती योगिता शर्मा के निर्देशन में कार्य कर रहा है। महिला के विकास और नारी चेतना को मजबूती प्रदान करने और महिला को समाज में सम्मान देने के उद्देश्य से महिला प्रकोष्ठ का निर्माण महाविद्यालय में किया गया। इसमें महिलाओं से सम्बंधित विभिन प्रकार की गतिविधियों का समय-समय पर आयोजन किया जाता है।

1. दिनांक 17-10-2022 से 21-10-2022 तक महाविद्यालय में पाँच दिवसीय शारीरिक सुंदरता कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें टीना गुप्ता द्वारा शारीरिक सुंदरता पर एक व्याख्यान दिया गया हैं । जिसमें महाविद्यालय की सभी छात्राओं नें भाग लिया ।

2. दिनांक 21-10-2022 को महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ -चढ़कर भाग लिया । प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

3. दिनांक 11-02-2023 को महाविद्यालय में महिला दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ -चढ़कर भाग लिया । प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## वित्तानुदेशक

श्री सुबेसिह ऐसोसेट प्रोफेसर वाणिज्य संकाय महाविद्यालय में वित्तानुदेशक के रूप में कार्य कर रहे है। महाविद्यालय की सभी विधियों का उचित उपयोग, उनका निरीक्षण परिक्षण इनके द्वारा ही संस्थापित होता है।

## सरकारी अनुदान

हरियाणा सरकार के द्वारा वर्ष 2022 व 23 में महाविद्यालय को विभिन्न प्रकार का सरकारी अनुदान प्रदान किया गया है। महाविद्यालय में इन अनुदानों का समुचित उपयोग किया गया। उसका विवरण इस प्रकार से है।

1. पुस्तकालय के लिये 200000 रूपये महाविद्यालय ने प्राप्त किये।

2. महिला प्रकोष्ठ के लिये 25000 रुपये महाविद्यालय ने प्राप्त किये।

3. EWY1 अर्न वाईल लर्न स्कीम के अनुसार 40000 रुपये महाविद्यालय ने प्राप्त किये।

4. पासपोर्ट साईज व लाइसन्स बनवाने लिये 408600 रुपये महाविद्यालय ने प्राप्त किये।

5. राजगार परामर्श योजना के लिये 2500 रुपये महाविद्यालय ने प्राप्त किये।

6. खेल-कूद प्रतियोगिता के लिये 12000 रुपये महाविद्यालय ने प्राप्त किये।

7. बिजली खर्च करने के लिये 200000 रुपये महाविद्यालय ने प्राप्त किये।

8. भ्रमणयात्रा के लिए 40000 रुपये महाविद्यालय ने प्राप्त किये।

## छात्रवृत्तियाँ

महोदय जी, वर्तमान सत्र 2022-23 में अनुसूचित व पिछड़ी जाति के निर्धन विद्यार्थियों के लिये हरियाणा सरकार से प्राप्त छात्रवृत्ति ऑनलाईन बैंक खाते में डाल दी जायेगी।

1. स्नातक मेधावी छात्रवृति स्कीम के आधार पर लड़कियों को हरियाणा सरकार ने टॉप टैन लड़कियों को स्कीम के आधार पर मैधावी छात्रवृत्ति में चयन किया गया। उच्चतर शिक्षा विभाग छात्रवृत्ति बैंक शाखा के द्वारा मेधावी छात्रवृत्ति छात्राओं के सीधे बैंक खाते में डाली दी जाती हैं।

2. वर्तमान सत्र में अनुसूचित जाति व पिछड़ी जाति के छात्र व छात्राओं के बैंक खाते में उच्चतर शिक्षा निदेशालय छात्रवृत्ति बैंक शाखा के द्वारा ऑनलाईन माध्यम से सीधी बैंक खाते मे धन- राशि डाली दी जाती हैं।

20/9/23

1. श्री शिशान सिंह प्रभारी
2. डॉo राकेश कुमार
3. श्री सुनील कुमार
4. श्रीमती योगिता शर्मा

प्राचार्य

Principal
H.L.G. Government College
TAURU (NUH)